# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2024

### तारांकित प्रश्न

## 26 फ़रवरी 2024

----

### कुल प्रश्न 20

----

## नहर के पानी की गुणवत्ता

***41 चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क)क्या यह तथ्य है कि गुरुग्राम नहर में बहने वाले पानी की गुणवत्ता बहुत खराब है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख)क्या सरकार द्वारा उपरोक्त दूषित जल का कोई परीक्षण कराया गया है; यदि हां, तो उसकी रिपोर्ट का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) उक्त गुरुग्राम नहर के पानी को दूषित करने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का संपूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## बाई पास का निर्माण करना

***42 श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार सोहना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के तावडू शहर में एक बाई-पास, जोकि दिधारा सड़क से सोहना सड़क वाया पटौदी सड़क तक बनना है, के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

***43 श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या संबंधित विधायक के अनुशंसा पर गांव में कृषि क्षेत्र के 25 किलोमीटर तक के कच्चे रास्तों को पक्का करने की योजना है; यदि हां,तो योजना का नाम क्या है; तथा

(ख) क्या गोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित विधायक द्वारा अधिकारियों को दी गई सूची में से सरकार द्वारा किसी कच्चे रास्तों को पक्का किया गया है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक नर्सिंग हॉस्टल का निर्माण करना

***44 श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी शहर में एक नर्सिंग होस्टल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त नर्सिंग होस्टल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उक्त नर्सिंग होस्टल के लिए निर्धारित स्थान क्या है?

----

## नगर परिषदों में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले

***45 श्री चिरंजीव राव ( रेवाड़ी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि गत् 9 वर्षों के दौरान राज्य की नगर परिषदों में भ्रष्टाचार बढा हैं;

(ख) राज्य में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ग) गत् 8 वर्षों के दौरान रेवाड़ी नगर परिषद में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के कितने मामलें दर्ज किए गए हैं?

----

## बाई-पास का निर्माण करना

***46 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या पानीपत औद्योगिक शहर को ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए पानीपत में एक बाई-पास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त बाई पास का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो क्या भविष्य में उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

----

## पेपर लीक मामलों का ब्यौरा

***47 श्री अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में वर्ष 2014 से 2023-24 तक हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के जो पेपर लीक हुए हैं उन पदों के नाम क्या है तथा इनका वर्ष वार तथा पेपर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उन भर्तियों के नाम क्या है जोकि उनके पेपर लीक होने के कारण रद्द हुई तथा इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) पेपर लीक मामले में शामिल अधिकारियों/ कर्मचारियों तथा अन्य अभियुक्तों के खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उक्त अधिकारीयों/कर्मचारियों और अभियुक्तों के नाम क्या हैं तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## तालाबों का सौन्दर्यीकरण तथा रखरखाव

***48 श्री जोगी राम सिहाग (बरवाला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरवाला शहर के सभी चार तालाबों के सौन्दर्यीकरण तथा रखरखाव के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त घोषणा का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## महिला संस्कृति केन्द्र खोलना

***49 श्री सीता राम यादव (अटेली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के कितने गांवों में महिला संस्कृति केन्द्र खोले गए हैं तथा शेष गांवों में उक्त केन्द्र कब तक खोले जाने की संभावना है ?

----

## पेयजल आपूर्ति की कमी

***50 श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक शहर में पेयजल आपूर्ति की कमी है तथा कभी-कभी कालोनियों में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है; यदि हां, तो उक्त समस्याओं के क्या कारण हैं तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है;

(ख)कितने जलघर चालू हालत में है तथा उनकी ग्रहण करने की क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ग) रोहतक शहर में दैनिक आपूर्ति के लिए आवश्यक पेयजल की मात्रा कितनी है; तथा

(घ) जलघरों की टंकिया कितनी समय अवधि के पश्चात् भरी जा रही हैं तथा कितने समय अवधि तक वहां पर पानी की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहती है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाना

***51 श्री राजेश नागर (तिगांव):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या तिगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव खेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा 200 बैड तक बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) यदि नहीं, तो इसके  कारण क्या हैं ?

----

## पेयजल क्लस्टर परियोजना बनाना

***52 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री की कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईक्कस, ईंटल कलां, ईंटल खुर्द, जलालपुर कलां, जलालपुर खुर्द, संगतपुरा, जुलानी, दरियावाला, ढाण्ढा खेड़ी, जाजवान इत्यादि गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्लस्टर परियोजना बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इसके  कब तक बनाए जाने की संभावना है; तथा

(ग) वर्तमान में उपरोक्त गांव में पेयजल सुविधा के लिए सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं का ब्यौरा क्या है?

----

## सफाई कर्मचारियों को नियमित करना

***53 श्री बलबीर सिंह (इसराना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में सरकार द्वारा 11000 सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए थे जबकि गावों की बढती जनसंख्या के अनुसार अधिक सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है; तथा

(ख) क्या उक्त 11000 सफाई कर्मचारियों को नियमित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त कर्मचारियों को कब तक नियमित किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य आरंभ करना

***54 श्री बिसम्बर सिंह ( बवानी खेड़ा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि बवानी खेड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव खरक कलां में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## खरीफ चैनलों का निर्माण करना

***55 श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सिरसा जिले तथा डबवाली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में घग्गर नदी से खरीफ चैनलों को बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***56 श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

## गन्ने की बकाया राशि

***57 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नारायणगढ़ चीनी मिल पर किसानों का लगभग रुपए 50-60 करोड बकाया हैं तथा राज्य के किसान इस मिल पर न्यायालय के हाल ही के निर्णय के कारण अत्यधिक असमंजस में हैं;

(ख) सरकार द्वारा इस मिल को सहकारी मिल के रूप में स्थापित करने तथा किसानों की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है; तथा

(ग) न्यायालय के निर्णय से किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

----

## एक पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय खोलना

*58 **श्री नयन पाल रावत ( पृथला):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव बाघोला में एक पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## खेल मैदान, ऑडिटोरियम तथा प्रयोगशालाओं का निर्माण कार्य पूरा करना

*59 **श्री सुभाष सुधा (थानेसर):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 10209, दिनांकित 04.06.2015 के अनुसार गांव पलवल, कुरुक्षेत्र में एक राजकीय महिला महाविद्यालय खोला गया है, परंतु इस महाविद्यालय में खेल मैदान, ऑडिटोरियम, प्रयोगशालाओं तथा अन्य भवन का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## कच्चे रास्तों को पक्का करना

*60 **श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा गांव अकालगढ़, तहसील जुलाना से गांव रिंढाणा, तहसील गोहाना तथा गांव मेहरडा, तहसील जुलाना से घडवाल, तहसील गोहाना के कच्चे रास्तों को पक्का किया गया है परंतु जैसे ही सोनीपत जिले के बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की सीमा आरंभ होती है तो काम रोक दिया गया है तथा जिला जींद में रास्ते को पक्का किया गया जबकि सोनीपत में रास्ते कच्चे रह गए हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 26 फ़रवरी, 2024.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**